BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

PROF. DEVENDRA KUMAR
HEAD
DEPARTMENT OF CHEMISTRY
EMAIL :bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 9369445558

DATE: 09/03/2024

बीएसएनवी पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में सेमिनार आयोजित

बीएसएनवी पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में सेमिनार आयोजित किया गया जिसमे लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग* के *विभागाध्यक्ष* *प्रो* *अनिल* *मिश्रा* जी ने तनाव मुक्त कैसे रहा जा सकता है के सम्बन्ध में अपना व्याख्यान दिया । इस कार्यक्रम का आयोजन बीएसएनवी पी जी कालेज के रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवम IIC के प्रेसिडेंट प्रो. डी.के. गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक बप्पा श्रीनारायण एवम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। बीएससी की छात्रा कुमारी अनुष्का एवम कुमारी गरिमा ने सरस्वती गान किया। रसायन विभाग के डॉ राजेश राम जी ने स्वागत उद्‌बोधन किया। प्रो. अनिल मिश्रा जी को पुष्प गुच्छ डॉ. रीतू संगवान, प्राचार्य प्रो. संजय मिश्र जी को पुष्प गुच्छ श्री सुमित मौलेखी एवम डॉ. डी.के. गुप्ता जी को पुष्प गुच्छ प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा जी के द्वारा प्रदत्त किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. अनिल मिश्रा जी ने सभी को बताया कि किस प्रकार हम अपने जीवन में होने वाले तनाव को दूर कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि तनाव से हमारे शरीर में अनेकों बीमारियां उत्पन्न होती हैं इससे दूर रहने के लिए हमें अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमे *अपने* *अंदर* *सकारात्मक* *विचार* *लाना* *चाहिए* क्योंकि सकारात्मक विचार से ही हमारा किसी कार्य को करने में रुचि उत्पन्न होती है और बताया कि हमें हर रोज कुछ समय के लिए अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए तथा हमें हर चीज में रुचि लेना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने बताया की हमें हंसते रहना चाहिए। प्राचार्य प्रो. *संजय* *मिश्रा* जी ने बताया कि किस प्रकार से हम अपने जीवन में तनाव मुक्त रह सकते हैं। मीडिया रिपोर्टिंग का कार्य डॉ. चिंकी गंगवार एवम रितिक जायसवाल ने किया।

डॉ. सुभाष चन्द्र जी IIC के संयोजक ने मुख्य अतिथि, शिक्षको एवम विद्यार्थियो को धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया। इस कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षक एवम विद्यार्थी उपस्थित रहे |



SITY OF LUCKNOW
ccredited A++ by NAAC)
istry of Life:
ess for Mental Well-
g–Made Easy
of. Anil Mishra
Head

UNIVERSITY OF LUCKNOW
Chemistry of Life:
Managing Stress for Mental
being-Made Easy
Prof. Anil Mishra
Head
Department of Chemistry
University of Lucknow
Lucknow, 226007, India

(Head)
Prof. D. K. Gupta